कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, लखनऊ।

संख्याः 2017/30533/एलकेडब्ल्यू/लखनऊ/2499/सीएफओ दिनांकः मई 30 ,2017

सेवा में,

सहायक अभियन्ता मानचित्र सेल
लखनऊ विकास प्राधिकरण
नवीन भवन विपिन खण्ड गोमतीनगर
<u>लखनऊ।</u>

भूखण्ड सं0-09, ख0सं0 (भाग)-611,613 एवं 614, ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ पर मैसर्स प्रोटोस्टार, इन्फ्रास्टेट्स प्रा0लि0 द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित समूह आवास निर्माण सम्बन्धी भवन को प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण निर्गत किये जाने के संबंध में।

कृपया अपने पत्र संख्याः 203/एए-मानचित्र सेल दिनांकः 17.05.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो उपरोक्त विषयक है।

उपरोक्त विषयक भवन मानचित्र का एन0बी0सी0-2016 एवें भवन निर्माण एवें विकास उपविधि- 2008 के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से अग्निशमन अधिकारी, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निरीक्षण/ परीक्षण कराया गया जिनकी आख्या का परिशीलन किया गया, आख्या निम्नवत है।

भवन का विवरण :-

1- कुल भूखण्ड एरिया-	2076.243 वर्ग मीटर
2- प्रस्तावित भवन के भूतल (स्टिल्ट)का कवर्ड एरिया-	825.026 वर्ग मीटर
3- प्रथम तल का कवर्ड एरिया-	818.287 वर्ग मीटर
4- द्वितीय से पॉचवे तल तक प्रत्येक का कवर्ड एरिया-	818.287 वर्ग मीटर
5- छठे व सातवे तल का कवर्ड एरिया-	755.487 वर्ग मीटर
6- बेसमेन्ट प्रथम का कवर्ड एरिया-	795.554 वर्ग मीटर

7- भवन की अधिकतम् ऊॅचाई- 23.765 मीटर है।

भवन का अधिभोग एवें हेजार्ड श्रेणीः- प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 में ग्रुप हाउसिंग श्रेणी के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढॉचागत व्यवस्थाः-

1- **पहुॅच मार्ग :-** भूखण्ड के सामने मानचित्र में 18.00 मीटर रोड उपलब्ध है ।

2- **प्रवेश व निकास द्वार प्रत्येक की चौडाई-** प्रवेश द्वार की चौड़ाई न्यूनतम 06 मीटर है जो मानक के अनुसार है।

3- **सेटबैकः-** प्रस्तावित भवन का सेटबैक निम्नवत हैः-

- अग्रभाग- 06.46 मीटर
- पृष्ठभाग- 06.00 मीटर
- पार्श्व भाग- 06.00 मीटर
- पार्श्व भाग द्वितीय 06.00 मीटर

भवन निर्माण के समय सेटबैक में किसी प्रकार का अतिक्रमण (अस्थाई/स्थाई) निर्माण पूर्णतयः प्रतिबन्धित होगा।

4-**निकास मार्गः-** भवन के बेसमेन्ट में एक रैम्प 06 मीटर चौड़ाई का व दो स्टेयर केस क्रमशः 1.5 मीटर व 1.20 मी0 चौड़ाई के व भूतल (स्टिल्ट) से ऊपरी तलो तक आने जाने हेतु 03 स्टेयर केश क्रमशः 1.50 मीटर का एक व 1.20 मीटर के दो स्टेयर मानचित्र में प्रदर्शित है।

अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाः-एन0बी0सी0-2016 के अनुसार अग्निशमन व्यवस्थायें निम्नानुसार है।

1- **होजरील :** प्रस्तावित भवन में होजरील, लैण्डिंग वाल्व, आई0एस0-3844 मानको के अनुसार प्राविधानित है।

2- **वेटराइजर/डाउनकमर-** प्रस्तावित भवन के मानचित्र में वेटराइजर सिस्टम एन0बी0सी0-16 के मानको के अनुरूप प्राविधानित है।

3- **हस्तचालित इलेक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम :-** मैनुअली आपरेटेड इलेक्ट्रिक फायर एलार्म सिस्टम का प्राविधान एन0बी0सी0 मानको के अनुसार प्रविधानित है।

4- **टेरिस टैंकः-** प्रस्तावित भवन के टेरिस पर टैरिस टैंक 25000 लीटर क्षमता का स्थापित कराया जाना प्राविधनित है।

5- **टेरिस पम्प-** प्रस्तावित भवन के टेरिस पर टेरिस पम्प 900 एलपीएम क्षमता का स्थापित कराया जाना प्रविधानित है।

6- **प्राथमिक अग्निशमन उपकरण (फायर एक्सटिंग्यूशर):-** प्रस्तावित भवन में फायर एक्सटिंग्यूसर आईएस 2190-2010 के अनुसार मानचित्र में अंकित है।

7-स्वाचालित स्प्रिंकलर सिस्टम- बेसमेन्ट में मानक के अनुसार स्थापित किया जाना आवश्यक है।
8- एग्जिट साइनेजः- सम्पूर्ण भवन में एक्जिट साइनेट कराया जाना प्राविधनित है।
9- पी0ए0 सिस्टमः- सम्पूर्ण भवन में पी0ए0सिस्टम की व्यवस्था प्राविधनित है।

अतः उपरोक्तानुसार अग्निशमन अधिकारी, हजरतगंज, लखनऊ की संस्तुति के आधार पर, भूखण्ड सं0-09, ख0सं0 (भाग)-611,613 एवं 614, ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ पर मैसर्स प्रोटोस्टार, इन्फ्रास्टेट्स प्रा0लि0 द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित समूह आवास निर्माण सम्बन्धी भवन को प्रोविजनल अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण इस शर्त के साथ निर्गत किया जाता है कि आवेदक द्वारा भवन/ इकाई में अग्नि से सुरक्षा सम्बन्धी सभी प्रस्तावित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था भवन विनियमावली तथा नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया- 2016 में उल्लेखित मानको के अनुसार कराये जायेगें तथा भवन के निर्माणोंपरान्त भवन का प्रयोग करने से पहले भवन में अग्नि से सुरक्षा व्यवस्थायें मानको के अनुसार भौतिक रूप से स्थापित कर उनका निरीक्षण/ परीक्षण अग्निशमन विभाग से कराकर अन्तिम अग्निशमन अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा। अन्यथा निर्गत किया जा रहा भवन निर्माण हेतु प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संलग्नकः अनुमोदित मानचित्र।

20.05.2017

(ए0बी0पाण्डेय)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
लखनऊ।

प्रतिलिपिः-

1- अग्निशमन अधिकारी, हजरतगंज, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2- मैसर्स प्रोटोस्टार, इन्फ्रास्टेट्स प्रा0लि0 भूखण्ड सं0-09, ख0सं0 (भाग)-611,613 एवं 614, ए0पी0 सेन रोड, लखनऊ को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।